उत्तर मध्य रेलवे
कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ

कार्य अध्ययन रिपोर्ट

# वरि0 मंडल इंजीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के अधीन कार्यरत वाटर कैरियर तथा ट्राली मैन संवर्ग में कार्यरत स्टाफ के कार्य की समीक्षा

**कार्य अध्ययन सं.–** म.प्र./उ.म.रे./का.अ./ इंजी0 / झाँसी /03/18–19

**मार्गदर्शन एवं निर्देशन**

श्री अमिताभ ओझा
वरिष्ठ उप महाप्रबंधक

व

श्री अन्शू पाण्डेय
उप महाप्रबंधक/सामान्य

एवं

**सहयोग**

श्री संतोष बाजपेयी
कार्य अध्ययन अधिकारी

**सम्पादित**

अनिल कुमार पटेल
मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षक

## अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अधिशासकीय सार | 2 |
| 2. | आभार एवं संस्तुति सारांश | 3 |
| 3. | **अध्याय– प्रथम**<br>प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें | 4 |
| 4. | **अध्याय– द्वितीय**<br>कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण | 5–6 |
| 5. | **अध्याय–तृतीय**<br>वित्तीय परिणाम एवं संस्तुति | 7 |


''''''''

# अधिशासकीय सार

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य अध्ययन का नाम : | वरि0 मंडल इंजीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के अधीन कार्यरत वाटर कैरियर तथा ट्राली मैन संवर्ग में कार्यरत स्टाफ के कार्य की समीक्षा |
| 2. | कर्मचारी की श्रेणी | ग्रुप सी |
| 3. | विभाग | इंजीनियरिंग |
| 4. | कार्य अध्ययन वर्ष | 2019–20 |
| 5. | प्रारम्भ की तिथि | 08.03.2019 |
| 6. | पूर्ण होने की तिथि | 25.11.2019 |
| 7. | स्वीकृत पदों की संख्या | 19 |
| 8. | कार्यरत कर्मचारियों की संख्या | 14 |
| 9. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पद | 07 |
| 10. | वित्तीय बचत | Rs. 40,83,492/-<br>(चालीस लाख तिरासी हजार चार सौ बानबे रू0 मात्र) |

## आभार

कार्याध्ययन दल श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, वरि0 मंडल इंजीनियर/समन्वय तथा श्री सतीश चन्द्र दुबे, वरि0 मंडल इंजीनियर/पूर्व, झाँसी मंडल तथा ए0ई0एन0 ग्वालियर, कानपुर तथा महोबा का गहन आभारी है जिन्होने इस कार्याध्ययन में अपना बहुमूल्य समय एवं मार्गदर्शन प्रदान किया है। साथ ही साथ कार्याध्ययन दल श्री पी0 के0 त्रिपाठी, मुख्य कार्यालय अधीक्षक/सामान्य/झाँसी मंडल तथा मनोज कासगर कार्यालय अधीक्षक, कार्य लेखा विभाग/झाँसी मंडल का विशेष आभारी है जिन्होने इस कार्याध्ययन हेतु महत्वपूर्ण सूचनायें उपलब्ध कराने में अपना बहुमूल्य समय एवं समुचित सहयोग प्रदान किया है।

''''''

## संस्तुति सारांश

कार्य अध्ययन में पाया गया कि वरि0 मंडल इंजीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के अधीन कार्यरत ट्राली मैन संवर्ग में 19 पद स्वीकृत हैं, 14 कर्मचारी कार्यरत हैं तथा 05 पद रिक्त पडे हैं। मंडल कार्यालय में 07 ट्राली मैन संवर्ग के कर्मचारी कार्यरत हैं जिनको मंडल कार्यालय में अधिकारियों के साथ लगाया गया है। उक्त 07 ट्राली मैन आठ अधिकारियों के साथ कार्य करते हैं। शेष 07 ट्राली मैन विभिन्न सेक्शन में ए0ई0एन के अधीन कार्यरत हैं और सेक्शन में ट्राली चलाने का कार्य करते हैं। तीन सेक्शन में ट्राली मैन संवर्ग के कुल 12 पद स्वीकृत हैं जिसमें 07 कर्मचारी कार्यरत हैं तथा 05 पद रिक्त हैं। रिक्त पदो के लिये गैंग से कर्मचारी ले कर ट्राली की जाती है। मंडल कार्यालय में 07 ट्राली मैन संवर्ग के कर्मचारी द्वारा ट्राली का कार्य नहीं किया जाता है अतः कार्याध्ययन दल वरि0 मंडल इंजीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के अधीन मंडल कार्यालय में कार्यरत 07 ट्राली मैन संवर्ग के पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।

## अध्याय–प्रथम

### प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें

भारतीय रेलवे में आउटसोर्सिंग तथा नई प्रणालियों के समावेश होने से कई प्रकार के कार्यों को सम्पादित करने में तथा मैनपावर की कमी से निपटने में सरलता हुई है। रेलवे में कुछ स्थानों पर समय के साथ कार्य में परिवर्तन हुआ है एवं कुछ संवर्ग के पदों का मंडल कार्यालयों में औचित्य समाप्त हो गया है। कर्मचारीयों का सदुपयोग करने के लिये उनसे अन्य कार्य लिये जा रहे हैं। अतएव कार्य संवर्धन के साथ–साथ कर्मचारी लागत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे रेल की कार्यक्षमता को बढाया जा सके।

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय के निर्देश पर कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ द्वारा "वरि0 मंडल इंजीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के अधीन कार्यरत वाटर कैरियर तथा ट्राली मैन संवर्ग में कार्यरत स्टाफ के कार्य की समीक्षा " विषय को कार्याध्ययन हेतु चुना गया है। यह कार्याध्ययन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय द्वारा वर्ष 2018–19 के लिए अनुमोदित कार्याध्ययन सूची से उद्दृत है।

वर्णित कार्याध्ययन वरि0 मंडल इंजीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के प्रशासनिक नियंत्रण में निहित है।

# अध्याय–द्वितीय

## कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण

2.1. कर्मचारी संख्याः–

वरि0 मंडल इंजीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के अधीन कार्यरत वाटर कैरियर तथा ट्राली मैन के स्वीकृत एवं वास्तविक पद संख्या का विवरण निम्नवत है :–

| क्रम सं0 | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत कर्मचारी संख्या | कार्यरत कर्मचारी संख्या | अन्तर | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वाटर कैरियर | लेवल–1 | 00 | 00 | 00 | कोई पद नहीं है। |
| 2 | ट्राली मैन | लेवल–1 | 07 | 07 | 00 | वरिष्ठ मंडल अभियंता/ मंडल अभियंता के अधीन कार्यरत हैं। |
| | | | 04 | 04 | 00 | सहायक मंडल अभियंता/GWL के अधीन कार्यरत हैं। |
| | | | 04 | 03 | 01 | सहायक मंडल अभियंता/ CNB के अधीन कार्यरत हैं। |
| | | | 04 | 00 | 04 | सहायक मंडल अभियंता/ MBA के अधीन कार्यरत हैं। |

**2.2** कार्य का विवरणः–

कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ कि वरि0 मंडल इंजीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के अधीन वाटर कैरियर का कोई पद स्वीकृत नहीं है तथा कोई कर्मचारी कार्यरत भी नहीं है। वरि0 मंडल इंजीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के अधीन कार्यरत ट्राली मैन संवर्ग में 19 पद स्वीकृत हैं, जिसमें कुल 14 कर्मचारी कार्यरत हैं तथा 05 पद रिक्त पडे हैं। मंडल कार्यालय में 07 ट्राली मैन संवर्ग के कर्मचारी कार्यरत हैं जिनको मंडल कार्यालय में अधिकारियों के साथ लगाया गया है। कार्य अध्ययन दल को ज्ञात हुआ कि इन ट्राली मैन द्वारा ट्राली का कार्य नहीं करवाया जा रहा है। 07 ट्राली मैन आठ अधिकारियों के साथ कार्य करते हैं। इन 07 ट्राली मैन संवर्ग के पदों को अभ्यर्पित कर के इनके स्थान पर कार्यालय में कार्यरत कार्यालय सहायक से काम कराया जा सकता है।

शेष 12 ट्राली मैन के पद सहायक मंडल अभियंता/ग्वालियर, सहायक मंडल अभियंता/कानपुर तथा सहायक मंडल अभियंता/महोबा के अधीन स्वीकृत हैं (04 ट्राली मैन प्रत्येक स्थान पर) जिसमें क्रमशः 04, 03 तथा 00 कर्मचारी कार्यरत हैं। इस प्रकार विभिन्न सेक्शन में ए0ई0एन के अधीन ट्राली मैन कार्यरत हैं और सेक्शन में ट्राली चलाने का कार्य करते हैं। तीन सेक्शन में 12 ट्राली मैन संवर्ग के 12 पद स्वीकृत हैं जिसमें 07 कर्मचारी कार्यरत हैं तथा 05 पद रिक्त हैं। रिक्त

ट्राली मैन संवर्ग के 12 पद स्वीकृत हैं जिसमें 07 कर्मचारी कार्यरत हैं तथा 05 पद रिक्त हैं। रिक्त पदों के लिये गैंग से कर्मचारी ले कर ट्राली की जाती है अतः सुचारू रूप से कार्य करने के लिये रिक्त पदों को भरे जाने की आवश्यकता है।

# अध्याय–तृतीय

## वित्तीय परिणाम

**3.0** इस कार्याध्ययन में दी गयी संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरूप रेल राजस्व में होने वाली बचत के प्रतिपद का आकलन निम्नवत् किया गया :–

| क्र0 सं0 | पदनाम | वेतनमान | पद सं0 | औसत मासिक मूल्य प्रति पद (रु0 में) | कुल मासिक मूल्य (रु0 में) | वार्षिक आवर्ती बचत (रु0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ट्राली मैन | (लेवल–1) | 07 | 48,613/- | 3,40,291/- | 40,83,492/- |
| | | | | कुल | | 40,83,492/- |
| (चालीस लाख तिरासी हजार चार सौ बानबे रू0 मात्र )। | | | | | | |

**3.1 संस्तुतिः–**

कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ कि वरि0 मंडल इंजीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के अधीन कार्यरत ट्राली मैन संवर्ग में 19 पद स्वीकृत हैं, 14 कर्मचारी कार्यरत हैं तथा 05 पद रिक्त पडे हैं। मंडल कार्यालय में 07 ट्राली मैन संवर्ग के कर्मचारी कार्यरत हैं जिनको मंडल कार्यालय में अधिकारियों के साथ लगाया गया है। कार्य अध्ययन दल को ज्ञात हुआ कि इन ट्राली मैन द्वारा ट्राली का कार्य नहीं करवाया जा रहा है। 07 ट्राली मैन आठ अधिकारियों के साथ कार्य करते हैं। शेष 07 ट्राली मैन विभिन्न सेक्शन में ए0ई0एन के अधीन कार्यरत हैं और सेक्शन में ट्राली चलाने का कार्य करते हैं। तीन सेक्शन में 12 ट्राली मैन संवर्ग के 12 पद स्वीकृत हैं जिसमें 07 कर्मचारी कार्यरत हैं तथा 05 पद रिक्त हैं। रिक्त पदों के लिये गैंग से कर्मचारी ले कर ट्राली की जाती है। चूँकि मंडल कार्यालय में कार्यरत (07) ट्राली मैन द्वारा ट्राली का कार्य नहीं करवाया जा रहा है इस लिये इन पदों का औचित्य नहीं है। यह कार्य कार्यालय में कार्यरत कार्यालय सहायक से कराया जा सकता है।

अतः कार्याध्ययन दल वरि0 मंडल इंजीनियर/समन्वय, झाँसी मंडल के अधीन मंडल कार्यालय में कार्यरत 07 ट्राली मैन संवर्ग के पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।

////////////////////////////////////////-----------//////////////////////////////////